- 2.50 लाख पौधे (उत्तर प्रदेश में 1.71 लाख, उत्तराखण्ड में 0.13 लाख, मध्य प्रदेश में 0.28 लाख और राजस्थान में 0.38 लाख) विभिन्न समितियों द्वारा लगाए गए है। प्रमुख प्रजातियों मिलिया (बर्मा नीम), आडुसा, क्लोन यूकेलिप्टस, सागौन,कुसुम सहजन व तेजपत्ता आदि है।
- देश में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण हेतु इफको को नीम के 3.74 लाख व इफको किसान सेज नेल्लोर को 0.05 लाख मिलिया कम्पोजिटा के पौधों की आपूर्ति की गई।
- विभिन्न समितियों की 88 वार्षिक आम सभायें व 644 कार्यकारिणी कमेटी की बैठकें आयोजित की गयीं। स्वयं सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण हेतु 3,475 बैठकें और सचिवों की 43 बैठकें आयोजित की गई। 71 वानिकी समितियों के ऑडिट का कार्य पूर्ण कर लिया गया।
- लाख का उत्पादन करने हेतु, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान सस्थान (टी.एफ.आर.आई), जबलपुर (म.प्र.) के वैज्ञानिकों के तकनीकी मार्गदर्शन मे "ढ़ाक के वृक्षों" पर लाख के बीज कीट छोडे गये तथा वैज्ञानिको द्वारा समिति सचिवों और सदस्यों के लिए तकनीकी व प्रायोगिक आयामो पर एक दिवसीय फील्ड प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया।
- जिला चित्तौगढ़ के रोलिया समिति द्वारा मक्का की कमोडिटी ट्रेडिंग की गयी एवं मैसर्स समोन्नति कम्पनी को 613 क्विंटल मक्का की आपूर्ति की गई।
- कार्बन क्रेडिट परियोजना के लिए, जी पी एस – मैपिग, कैप्चरिंग जी पी एस, कोआर्डिनेट्स और के.एम.एल. फाईल निर्माण व वृक्षारोपण की जानकारी एकत्र करने पर उत्तर प्रदेश राज्य में 12 समितियों के सचिवों के 2 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
- चारा विकास हेतु, 5 एकड क्षेत्र के लिए वानिकी समितियों के सदस्यों को उन्नत घास "दीननाथ एंव गिन्नी घास" के बीज की बुवाई करायी गयी। इससे पशुओ के दूध की गुणवत्ता एवं उत्पादन में सुधार करने में मदद मिलेगी।
- उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्यों में स्वयं सहायता समूह सदस्यों की आय वृद्धि हेतु, मशरूम उत्पादन, लाख के विभिन्न उत्पाद निर्माण, सिलाई व ब्लॉक प्रिंटिंग पर कौशल विकास हेतु 7 प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया जिसमें 125 महिला सदस्य प्रशिक्षित हुई।
- स्वयं सहायता समूहों के "उचित संचालन प्रबंधन व लेखा" पर 2 प्रशिक्षण आयोजित किये गये। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यो ने महसूस किया की इन प्रशिक्षणों ने उन्हे अपनी भूमिकाओ, जिम्मेदारियो एवं लेखा रख–रखाव को एक कुशल तरीके से निभाने में मदद की हैं।

### परिणाम

- प्राथमिक वानिकी समितियाँ पर्यावरण संरक्षण और जलाऊ लकड़ी, चारा एवं अन्य सामूहिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक प्रमुख संस्था के रूप में विकसित हो रही हैं।
- समस्याग्रस्त भूमियां (क्षारीय, लवणीय, बीहड़ और जल भराव भूमि) अब कृषि योग्य भूमि में परिवर्तित होने से ये एक उत्पादक सम्पत्ति के रूप में सिद्ध हो रही हैं।
- कृषि वानिकी गतिविधियों द्वारा पारिस्थितिकीय संतुलन बनाये रखने में मदद हो रही है। वेरा रजिस्ट्री के साथ पंजीकृत आई.एफ.एफ.डी.सी. की 189 हैक्टेयर भूमि के लिए कार्बन क्रेडिट परियोजना से वर्ष 2038 तक औसतन 5651 सत्यापित कार्बन क्रेडिट / वर्ष सृजन हो रहे हैं।
- प्रक्षेत्र वानिकी कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप विभिन्न प्रक्षेत्र वानिकी गतिविधियों के द्वारा स्थानीय समुदाय विशेषकर महिलाओं को अतिरिक्त रोजगार के अवसर प्रदान किये गये।
- पी.एफ.एफ.सी.एस. व स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए लघु उद्योगों की स्थापना एवं आजीविका के साधनों में वृद्धि हेतु चक्रीय कोष मददगार सिद्ध हुआ है। संचालित लघु उद्योग जैसे मधुमक्खी पालन से कृषकों की आय को दुगुनी करने के ध्येय को मदद मिल रही है।

### Progress

- 231 ha area (147 ha in Uttar Pradesh, 16 ha in Uttarakhand, 31 ha in Madhya Pradesh and 37 ha in Rajasthan) has been covered under plantation.
- 2.50 lakh plants (1.71 lakh in Uttar Pradesh, 0.13 lakh in Uttarakhand, 0.28 lakh in Madhya Pradesh, 0.38 lakh in Rajasthan ) have been planted by different PFFCS. Major species include Melia (Burma Neem), Arrusa, Clonal Eucalyptus, Teak, Kusum, Sahjan and Tejpatta etc.
- 3.74 lakh saplings of Neem have been supplied to IFFCO and 0.05 Lakh Melia composite saplings to IFFCO Kisan Sez, Nellore for plantation in different places in the country.
- 88 Annual General Body Meetings, 644 Executive Committee Meetings of different PFFCS were organised. 3,475 meetings of SHG and 43 meeting of Secretaries were organised. Audit work of 71 PFFCS has been completed.
- Imparted one day Field Training and inoculated Lac brood on "Palash trees" for Lac cultivation under technical guidance of Tropical Forest Research Institute (TFRI), Jabalpur (M.P). The scientists from TFRI imparted the technical and practical inputs to PFFCS Secretaries and members.
- Roliya PFFCS in District Chittorgarh has undertaken Commodity Trading of Maize and supplied 613 quintals of Maize to M/s. Samunnati Company.
- 2 days training of 12 PFFCS Secretaries on "GPS- mapping, capturing GPS Coordinates and preparation of KML file to capturing plantation information" for Carbon Credit Project was organised at U.P.
- For the promotion of Fodder Development, seeds of improved grass of "Deenanath and Ginni" have been provided to PFFCS members of project villages which sown in 5 acre area. This will help in improving the quality & production of the Cattle' Milk.
- 7 Skill Development Trainings on "Mushroom Cultivation", "Preparation of various Lac items", Tailoring and Block Print aimed at Income generation of SHG Members were imparted in Uttarakhand, Uttar Pradesh, Rajasthan and Madhya Pradesh in which, 125 women members were trained.
- 2 trainings on proper functioning & management by SHGs have been organized. Self Help Group Members felt that the training has helped them in undertaking their roles and responsibilities in an efficient manner

### Outcome

- PFFCS are serving as nodal agencies for environment up-gradation and catering to fuel wood, fodder and other needs of Agri-inputs supply of the community.
- Problematic lands (Sodic, Saline, Ravines and Water logged, etc) are now converted into cultivable lands and have proved to be productive assets.
- Farm forestry activities have helped to bring ecological balance. The Carbon Credit Project for 189 hectares of IFFDC registered with VERRA Registry is verified for generating average of 5651 Carbon Credits/year till the year 2038.
- Farm Forestry Programme has resulted in additional employment opportunities being created through various farm forestry activities for local communities and has especially benefited the women of these communities.
- Revolving Fund is helping to PFFCS as well as SHG members to established micro-enterprises and generating livelihood options. The operationalised microenterprises are helping to the aim of doubling the Farmer's income.

## 2. जलग्रहण प्रबंधन (पारिस्थितिकीय प्रतिस्कंदन)

आई.एफ.एफ.डी.सी. ने काफी समय पूर्व ही अपने जलवायु परिवर्तन शमन व क्लाईमेट एक्शन कार्यक्रम में अन्य विषयक अवधानों जैसे जल संसाधन विकास, मृदा–जल संरक्षण, क्लाईमेट प्रूफिंग आदि को समाहित करने के महत्व को अपना लिया था। आई.एफ. एफ.डी.सी. को विशेषतः प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण समुदायों की जेंडर केंद्रित आजीविका उत्थान के लिए जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम का बहुत अनुभव है, इससे सतत् विकास लक्ष्य सं. 13 "क्लाईमेट एक्शन" में सहयोग मिलता है। इस कार्यक्रम के सहभागी तरीके से क्रियान्वयन हेतु ग्राम जलग्रहण कमेटी तथा जल उपयोग कमेटियां जैसी सामुदायिक संस्थायें विकसित की गयीं। जल एवं खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के क्रम में समुदाय के लिए पारिस्थितिकीय प्रतिस्कंदन निर्माण हेतु इस गतिविधि में भू–उपयोग योजना एवं विकास तथा अन्य आजीविका अर्जन से संबंधित गतिविधियों के एक व्यापक समूह को क्रमबद्ध तरीके से समाहित किया गया है।

जलग्रहण विकास का मुख्य उद्देश्य, भूमि व जल संसाधनों को संरक्षित व पुनर्स्थापित करना जिससे, जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिस्कंदन विकसित हो तथा इन क्षेत्रों में खाद्य एवं आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस हेतु, आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा जल संसाधनों के क्षरण को पुनर्स्थापित करने के लिए अन्य संस्थाओं तथा नाबार्ड से एवं विभिन्न सरकारी संस्थाओं से अभिमुखीकरण कर संसाधन जुटाए जा रहे हैं।

जलग्रहण कार्यक्रम का क्रियान्वयन नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से किया जा रहा है। वर्तमान में, "रिज से वैली तक" उपचार की अवधारणा के साथ भूमि उपचार, जलवायु शमन, आजीविका सृजन तथा ग्रामीण समुदाय का क्षमता विकास करते हुए चिरन्तर सामुदायिक संस्थाओं जैसे ग्राम जलग्रहण विकास समितियों (वी.डब्ल्यू.डी.सी.) का विकास एवं परियोजना चक्र के सभी स्तरों में जेन्डर समानता को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। विभिन्न मृदा एवं जल संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से कुल 18,184 हैक्टेयर क्षेत्र को उपचारित किया गया है।

जलग्रहण विकास परियोजना अमरौती, जिला सतना (मध्य प्रदेश) में नाबार्ड के सहयोग से वर्षा जल संरक्षण हेतु निर्मित तालाब

## 2. Watershed Management (Ecological Resilience)

Early on in its Climate Change Mitigation and Change Action, IFFDC recognised the importance of integrating other thematic interventions like Water Resource Development, Soil Water Conservation, Climate Proofing etc. into this activity. In particular, the IFFDC's experience of its watershed management programme for improving gender focused rural livelihoods of communities through natural resource management is noteworthy. It contributes to the Sustainable Development Goal No. 13 "Climate Action".

Village Watershed Committees and Water Users Committees are developed for implementing this programme using a participatory approach. Focusing on providing Water and Food Security, a comprehensive set of activities related to land use planning and development and other livelihood generation activities has been systematically integrated for building up the 'Ecosystem Resilience' of the community.

The purpose of watershed development is to rehabilitate and conserve land and water resources in order to develop resilience towards climate change to ensure food and livelihood security. For this, the IFFDC has joined hands with other agencies and is mobilising resources directly from NABARD and through convergence with various Government agencies for the restoration of depleting water resources.

The Watershed programme is being implemented with the financial support of NABARD. The focus is on land treatment with "Ridge to Valley" treatment concept, climate proofing, livelihood generation and building capacities of the rural community by developing sustainable community institutions like Village Watershed Development Committees (VWDC) and ensuring gender equity in all stages of the project cycle. Total 18,184 ha area has been treated by various soil & water conservation measures.

Ridge to Valley Area Treatment with Soil Water Conservation Measures (CCT) under NABARD Watershed Development Project-Surkhi-Ghana, Distt. Sagar (M.P.)

### परियोजना विवरण

| सहायक संस्था | राज्य | जिला | उपचारित क्षेत्र (हेक्ट.) |
|---|---|---|---|
| नाबार्ड | छत्तीसगढ़ | कवर्धा, बिलासपुर | 2,609 |
| | मध्य प्रदेश | सागर, छिंदवाड़ा, सतना | 3,555 |
| | राजस्थान | प्रतापगढ़, उदयपुर | 1,652 |
| | तेलंगाना | निजामाबाद | 1,837 |
| राज्य सरकारें | म.प्र. (मनरेगा) | भोपाल, श्योपुर, छतरपुर | 3,417 |
| | म.प्र. (आई.डब्ल्यू.एम.पी.) | छतरपुर, रीवा | 5,114 |
| | | **कुल** | **18,184** |

### प्रगति

- 510 हैक्ट. क्षेत्र को प्रभावी मृदा–जल संरक्षण हेतु 6,962 घन मी फार्म बंड (एफ.बी), 135 घन मी स्टोन आउटलेट (एस.ओ.), 1010 घन मी जल अवशोशण ट्रैंच (डब्लू.ए.टी.) व 384 घन मी स्टेगर्ड ट्रैंच (एस.सी.टी.), 132 घन मी पत्थर की नालाबंदी (एस.जी.पी.) तथा 417 लूज स्टोन चैक डैम (एल.एस.सी.डी.), 01 गेबियन संरचना व 02 संकन पॉन्ड एवं 8 रिचार्ज पिट का निर्माण प्रभावी मृदा–जल संरक्षण के लिए किया गया।
- उप चरागाह क्षेत्र में, 3,500 वानिकी पौधे (मिलिया कम्पोजिटा व नीम) 5,000 फलदार पौधे (पपीता आम, अमरूद, नीबू, कटहल, शरीफा एवं आंवला) के पौधों का रोपण किया गया।
- फसल उन्नयन हेतु, 35 किसानो को 3.70 क्विंटल धान (प्रजाति–आर.एच.सुपर–444, आई आर–64 व गंगा कावेरी) के उच्च उत्पादक किस्मों के बीज प्रदान किये गये। अतिरिक्त आय सृजन हेतु 65 परिवारो को उन्नतशील किस्मों के सब्जी बीज जैसे आलू (प्रजाति पहाड़ी), प्याज (महालक्ष्मी) एवं लहसुन (गोरंग), के 70 किलोग्राम बीज प्रदान किये गये। क्षेत्र मे पोषक भोजन की उपलब्धता बढ़ाने के 70 किसानों और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को गाजर, मूली, मेथी, पालक, गोभी, मटर जैसे सब्जियों के बीज के 70 किट प्रदान किए गए है।
- आय अर्जन हेतु, 20 स्वयं सहायता समूह सदस्यो, 80 बकरियॉ (प्रति इकाई 4 बकरी), 1 मिनी दाल मिल, 1 मसाला ग्राइंडर, 1 पापड़ बनाने की मशीन आदि प्रदान की गई, जिससे स्वयं सहायता समूह की आय एवं आजीविका अर्जन हेतु एक वैकल्पिक स्रोत विकसित हुआ हैं।
- भू–जल संरक्षण तकनीकी, जल उपयोग दक्षता एवं सूक्ष्म सिंचाई, जलवायु परिवर्तन शमन, अनुकूलन, लचीलापन विकास और जलवायु स्मार्ट फसल उत्पादन, "जैविक खेती" तथा जल बजट पर ग्राम जलग्रहण विकास समिति के सदस्यों के लिए 9 प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया जिसमें 183 किसानों ने भाग लिया।
- 01 स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 60 रोगियो की जाँच की गयी एवं मुफ्त दवाइयॉ प्रदान की गयी। रोगियो में अवलोकित की गयी मुख्य बीमारियाँ, सर्दी, बुखार, खाँसी आदि थी।
- 15 पी.एस.एन., 35 कम्पोस्ट पिटों की स्थापना की गयी व किसानो को 20 बायो डिकम्पोजर प्रदान किये गये, जिससे खेतों मे पराली को सड़ाकर खाद मे परिवर्तित किया गया। जिससे किसानो को पोषक तत्वो से भरपूर खाद प्राप्त होगा एवं जैविक खेती के लिए भी मदद मिलेगी।
- मझगवां गांव मे एक ज्ञान केन्द्र खोला गया।

### परिणाम

- कुओं में पानी के स्तर में वृद्धि हुई तथा किसान अपनी दूसरी फसल लेने में सफल हुए, जिससे अधिक आमदनी हुई।
- मृदा संरक्षण की विभिन्न गतिविधियों के करने से कृषि योग्य भूमि में अतिरिक्त क्षेत्र की बढ़ोत्तरी हुई।
- विभिन्न कौशल विकास एवं मृदा संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र के भूमिहीन कृषक एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले।
- सिंचित क्षेत्र से पशुओं के लिए उन्नत गुणवत्ता का चारा उपलब्ध हुआ जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ।
- परियोजना क्षेत्र में कृषकों में "जलवायु स्मार्ट खेती" करने के ज्ञान में वृद्धि हुई।
- भारत सरकार के उद्देश्यों "प्रत्येक बूँद से अधिक फसल" एवं "2022 तक कृषकों की आय को दोगुना करना" में योगदान प्रदान करने में सहायता मिली।

## PROJECT DETAILS

| Supporting Agency | State | District | Treated Area (ha) |
|---|---|---|---|
| NABARD | Chhattisgarh | Kawardha, Bilaspur | 2,609 |
| | Madhya Pradesh | Sagar, Chhindwara, Satna | 3,555 |
| | Rajasthan | Pratapgarh, Udaipur | 1,652 |
| | Telangana | Nizamabad | 1,837 |
| State Govt. | MP (MGNREGA) | Bhopal, Sheopur, Chhatarpur | 3,417 |
| | MP (IWMP) | Chhatarpur, Rewa | 5,114 |
| | | **Total** | **18,184** |

### Progress

- 510 ha area has been treated with 6,962 Cum. Farm Bund (FB), 135 Cum. Stone outlets (SO) 1010 Cum Water Absorption Trenches (WAT) and 384 Cum Staggerd Contour Trenches (SCT), 132 Cum. Stone Gully Plugs (SGP), 417 Loose Stone Check Dams (LSCD), one Gabion, 2 Sunken Ponds and 8 Recharge Pits have been constructed for effective Soil & Water Conservation purposes.
- 3,500 forestry plants (Melia Composita and Neem) & 5,000 Horticulture plants (Papaya, Mango, Guava, Lemon, Jackfruit, Custard Apple and Aonla) have been planted on Sub-Pasture land.
- 3.70 Quintal Seed of HYV seeds of Paddy (Variety-RH Super-444, IR-64 & Ganga Kaveri) have been provided to 35 Farmers for crop improvement. 70 Kg. of HYV Vegetable seeds of Potato (Pahari), Onion (Mahalaxmi) and Garlic (Gorang) have been provided to 65 families for Income Generation. Moreover, 70 Kits of vegetable Seeds such as Carrot, Radish, Fenugreek, Spinach, Cabbage, Peas have been provided to 70 farmers and SHG members to increase nutritive food availability in the area.
- For Income Generation, 80 Goats (4 Goat units) to 20 SHG members. One Mini Dal Mill, 1 Spices Grinder, 1 Papad making unit etc. provided to SHG members. An alternate source for generating income and livelihood for SHG members has been developed.
- 9 training programmes on Technical aspects of Soil Water Conversation Measures, Water Use Efficiency & Micro-irrigation, Climate Change Mitigation, Adaptation, Resilience Development and Climate Smart Cropping, Organic Farming and Water Budgeting were organised for Village Watershed Community members in which 183 farmers participated.
- One Health Camp was organised, in which 60 patients were examined and free medicines were provided. The main diseases observed in the patients were Cold, Fever and Cough etc.
- 15 PSN and 35 Compost pits units were established and 42 Bio-digesters were provided which are providing nutrient rich manure to farmers and also be helpful for organic farming.
- One Village Knowledge Centre was opened at Majhgawan village.

### Outcome

- Increase of water table of the wells has been observed and farmers are able to harvest their second crop successfully leading to more returns.
- Additional area has been brought under cultivation by adopting various soil conservation measures.
- Landless farmers and women have been endowed with employment opportunities in the area through skill development and various soil-moisture conservation activities.
- Treated area has produced good quality fodder for cattle by which health of cattle has been improved.
- The knowledge on "Climate Smart Agriculture" amongst the farmers of the project area has increased.
- It helped in contributing to the objectives of Govt. of India i.e. "More Crop from Each Drop" and Doubling Farmers Income.

## 3. जलवायु रोधन परियोजना

### करैया-सुरखी वाटरशेड, जिला-सागर (मध्य प्रदेश) में "जलवायु रोधन परियोजना"

जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से विकासशील देशों में विशेषतया ग्रामीण गरीब समुदाय ही प्रभावित होता है। क्योंकि, जलवायु परिवर्तन से इनके अस्तित्व जैसे कि, इनके जीवनयापन के लिए की जाने वाली कृषि में समस्यायें और बढ़ जाती है। इस प्रकार की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए भी इनके पास आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। जलवायु अवरोधन अवधान परियोजना को क्रियान्वयन करने का मुख्य उद्देश्य, परियोजना क्षेत्र में अतिसंवेदनशील ग्रामीण समुदाय की जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन क्षमता को विकसित करना है ताकि, वे जलवायु परिवर्तनशीलता व परिवर्तनों का सामना बेहतर ढंग से कर सकें।

संस्था द्वारा नाबार्ड के वाटरशेड डवलपमेंट फण्ड की सहायता से मध्य प्रदेश के जिला सागर के करैया–सुरखी वाटरशेड क्षेत्र में जलवायु रोधन की एक नई परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना की अवधि चार वर्ष अर्थात् मार्च 2019 से मार्च 2023 तक है।

#### प्रगति

- 14 किसानों को 5.50 क्विंटल गेहूँ की उच्च उत्पादक किस्म "पूसा तेजस" की बुवाई के लिए मदद की, जिसके लिए कम सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे सिंचाई के पानी की बचत करने में मदद मिली।
- परियोजना क्षेत्र में नियंत्रित वातावरण में फलों और सब्जियों के गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार करने के लिए कम लागत वाले 2 पॉली टनल स्थापित की गई हैं।

#### परिणाम

- जलवायु परिवर्तन व इसके प्रभाव तथा जलवायु परिवर्तन (सूखे की स्थिति) की स्थिति से निपटने के तरीकों व तकनीकियों के बारे में जलग्रहण समुदाय को जानकारी हुई।
- जलग्रहण समुदाय द्वारा प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में कम प्रभावित होने वाले आजीविका के विकल्पों को अपनाना प्रारम्भ कर दिया।
- विकसित जल संसाधनों से परियोजना क्षेत्र में फसलों की पैदावार को बढ़ाने में मदद मिल रही है।
- परियोजना अवधानों की चिरन्तरता के लिए जलग्रहण समुदाय की ग्राम स्तर पर समुदाय की अपनी संस्था है।
- परियोजना क्षेत्र के आसपास के समुदाय भी, परियोजना के प्रभावों का प्रसार होने से, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विभिन्न उपायों को सीख रहे हैं।

नाबार्ड जलवायु रोधन परियोजना, करैया–सुरखी, जिला सागर (म.प्र.) अंतर्गत ग्राम जलग्रहण विकास समिति के सदस्यों को कृषि ड्रोन संचालन पर प्रशिक्षण

## 3. Climate Proofing Project

**Climate Proofing in Karaiya-Surkhi Watershed , District Sagar (Madhya Pradesh)**

The rural poor in developing countries particularly suffer from the negative impacts of climate change. This is because climate change aggravates their already existing problems arising for instance from subsistence farming. They are also the worst equipped for facing up to new challenges. The main objective of implementing the Climate Proofing Initiative Project is to enhance the adaptive capacities of vulnerable rural communities in the project area, so that, they are better equipped to cope with climate variability and changes.

The Karaiya-Surkhi Watershed "Climate Proofing" project in in District Sagar of Madhya Pradesh is being implemented with the help of NABARD Watershed Development Fund over a project period of four years i.e. March 2019 to March 2023.

**Progress**

- 14 farmers helped for sowing of 5.50 quintals HYV Wheat seeds variety "Pusa Tejas" which requires less irrigation helped in saving of irrigation water.
- For raising quality saplings of Fruits & Vegetables in control environment in the project area, 2 poly tunnels (low cost) have been established.

**Outcome**

- The Watershed Community is aware about Climate Change, its effect and tools & techniques to deal with Climate Change (drought conditions).
- Watershed Community started adoption of livelihood options which are less affected in adverse Climatic Conditions.
- Developed Water Resources are helping in increasing crop yields in the project area.
- Watershed Community is having own institution at village level for sustainability of the project interventions.
- The nearby communities of the project area are also learning various measures to deal with Climate Change through dissemination of the project impact.

Awareness Generation on IFFCO Nano Urea (Liquid) amongst VWDC members under Karaiya-Surkhi Climate Proofing Project, Sagar (Madhya Pradesh)

# किसान उत्पादक संगठन संवर्धन परियोजना

आईएफएफडीसी द्वारा नाबार्ड एवं एन.सी.डी.सी. द्वारा वित्तपोषित भारत सरकार की सेंट्रल स्कीम–10,000 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) संवर्धन परियोजना के तहत् 10 परियोजनायें सात राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में संचालित की जा रही है। परियोजना की अवधि अप्रैल 2021 से मार्च 2026 तक पांच वर्ष की है।

- आंवटित सभी 50 कृषक उत्पादक संगठनों का गठन कर पंजीकरण करा दिया गया जिसमें से 27 सहकारिता अधिनियम व 23 कम्पनी अधिनियम के तहत् पंजीकृत कर दिए गये हैं। इन कृषक उत्पादक संगठनों में कुल सदस्यता 15,941 है।
- कृषक उत्पादक संगठन जागरूकता पर 761 बैठकें और कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक मंडल की 599 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 25,223 किसानों ने भाग लिया।
- हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और उत्तराखंड के 43 कृषक उत्पादक संगठनों को 110.52 लाख रुपये का इक्विटी अनुदान प्राप्त हुआ है।
- 46 कृषक उत्पादक संगठनों ने पैन नंबर प्राप्त किया है, 34 कृषक उत्पादक संगठनों ने जीएसटी नंबर प्राप्त किया है, 33 कृषक उत्पादक संगठनों ने राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई–नाम) पोर्टल पर पंजीकृत किया है, 16 कृषक उत्पादक संगठनों ने मंडी लाइसेंस प्राप्त किया है और 29 कृषक उत्पादक संगठनों ने उर्वरक, बीज और कीटनाशक लाइसेंस प्राप्त किए हैं।
- अब तक, 44 कृषक उत्पादक संगठनों को प्रबंधन लागत के लिए पहली से छठी किस्त के रूप में 191.33 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं।
- कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक मंडलों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के 36 प्रशिक्षण कार्यक्रम और 24 एक्सपोजर भ्रमण आयोजित किए गए हैं।
- 30 कृषक उत्पादक संगठनों ने कृषि–इनपुट यानी उर्वरक, बीज, कीटनाशक, जैव उर्वरक और वस्तुओं की खरीद और व्यापार की व्यावसायिक गतिविधियाँ शुरू कर दी हैं और वर्ष (2022–23) के दौरान, 20 एफपीओ ने 71.52 करोड़ रुपये के कुल कारोबार के साथ कमोडिटी ट्रेडिंग की है।

आई.एफ.एफ.डी.सी. संवर्द्धित श्रीधारी कृषक उत्पादक संगठन, जिला अमरेली (गुजरात) में श्री परषोत्तम रुपाला, केन्द्रीय पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी मंत्री, भारत सरकार एवं श्री दिलीप संघाणी, अध्यक्ष इफको द्वारा चना खरीदी व्यवसाय का शुभारंभ

## Promotion of Farmers Producer Organisation (FPO) Project

IFFDC is implementing 10 projects on Promotion of FPOs Projects in seven States i.e Uttar Pradesh, Uttarakhand, Bihar, Haryana, Madhya Pradesh, Gujarat and Maharashtra with Financial support of NABARD and NCDC under Central Sector Scheme of Govt. of India for promotion of 10,000 Farmer Producer Organizations (FPOs). The project duration is for five years from April 2021 to March 2026

- All 50 allotted FPOs have been formed of which 27 FPOs, are registered under Cooperative Acts and 23 FPO registered under the Companies Act. The total membership is 15,941 Farmers in these FPOs.
- 761 meetings on FPO awareness and 599 meetings of Board of Directors of FPO have been organised, in which, 25,223 farmers participated.
- 43 FPO of Haryana, Gujarat, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Maharashtra, Bihar and Uttarakhand have received Equity Grant of Rs.110.52 Lakh.
- 46 FPO have obtained PAN numbers, 34 FPO have obtained GST number, 33 FPOs registered on National Agriculture Market (e-NAM) portal, 16 FPOs obtained Mandi Licenses and 29 FPOs obtained Fertiliser, Seed and Pesticide Licenses.
- So far, 44 FPO have received of Rs. 191.33 Lakh as 1st to 6th installment towards Management Costs.
- 36 Training programmes of FPO Boards of Directors & Chief Executive Officers and 24 Exposure Visits have been organised.
- 30 Farmers Producer Organisations have started Business activities of Agri-inputs i.e. Fertiliser, Seed, Pesticides, Bio fertiliser and Procurement & Trading of Commodities and during the Year (2022-23), 20 FPO have undertaken Commodity Trading with total turnover of Rs 71.52 Crores.

Cultivation and Marketing of Prawns by Apna Sirsa FPO (Haryana) promoted by IFFDC with NABARD support under CSS of Govt. of India

# सी.एस.आर. पहल

"कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व" (सी.एस.आर.) प्रबंधन की एक अवधारणा है जिसमें, कम्पनियाँ अपने व्यापार के संचालन तथा अपने हितधारकों के साथ बातचीत में सामाजिक एवं पर्यावरण चिन्ताओं को समन्वित करती है। सी.एस.आर. सामान्यतः एक ऐसा तरीका है जिसके माध्यम से एक कम्पनी आर्थिक, पर्यावरण तथा सामाजिक अनिवार्यता में एक सन्तुलन प्राप्त करने के साथ–साथ शेयरधारकों की अपेक्षाओं को भी सम्बोधित किया जाता है। भारत में सी.एस.आर. को परम्परागत परोपकार की एक गतिविधि के रूप में देखा गया है। कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के तहत् सी.एस.आर. का विचार प्रस्तुत किया गया था तथा अब यह, ऐसी सभी कम्पनियों के लिए अनिवार्य हो गया है जिनका वार्षिक टर्नओवर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक, अथवा 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवल मूल्य अथवा शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये से अधिक का हो। इस एक्ट के अनुसार, ऐसी कम्पनियों को उनके पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ की कम से कम 2 प्रतिशत राशि को सी.एस.आर. गतिविधियों पर खर्च करना होता है।

अधिकांश कारपोरेट, सी.एस.आर. नीति की अनुपालना कर रहे हैं तथा उनके केन्द्रित क्षेत्रों में सामाजिक व पर्यावरण विकास के विभिन्न सी.एस.आर. गतिविधियों/परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। सी.एस.आर. आधारित कार्यक्रमों को सूत्रीकरण करने व उनके क्रियान्वयन करने तथा इस प्रकार की पहलों के परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन के लिए विशेष मनोवृत्ति, रणनीति, कौशल तथा क्षमताओं की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु आई.एफ.एफ.डी.सी. के पास वांछित योग्यता, मनोवृति, कौशल क्षमता तथा अनुभव है, अतः कार्पोरेट्स को परिणामोन्मुखी तरीके से उनके सी.एस.आर. प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने में सहयोग करना प्रारम्भ कर दिया। कार्पोरेट्स के सी.एस.आर. पहल की साझेदारी में आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा अपनी सेवाओं का विस्तार करने के माध्यम से गरीबी उन्मूलन एवं चिरन्तर आजीविका विकास की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। आई.एफ.एफ.डी.सी. की ग्रामीण आजीविका पहुँच में लोगों को विकास के केन्द्र में रखा जाता है तथा सम्पत्ति व कौशल निर्माण पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है ताकि, महिलाएँ व पुरुष, रोजगार व आय अर्जन के लिए नये अवसरों तक अपनी पहुँच बना सके।

इफको–टोकियो समन्वित ग्रामीण विकास परियोजना–गरियाबंद (छत्तीसगढ़) अंतर्गत ग्राम भरुआमुंडा में आदिवासी समुदाय को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु स्थापित सौर आधारित जल शोधन पेयजल इकाई

## CSR INITIATIVES

"Corporate Social Responsibility" (CSR) is a management concept whereby companies integrate social and environmental concerns in their business operations and interactions with their stakeholders. CSR is generally understood as being the way through which a company achieves a balance of economic, environmental and social imperatives simultaneously, addressing the expectations of shareholders and stakeholders. CSR in India has traditionally been seen as a philanthropic activity. Under the Clause 135 of the Companies Act, 2013 has introduced the idea of CSR and now it is mandatory for the companies with an annual turnover of more than 1,000 crore INR, or a net worth of more than 500 crore INR, or a net profit of more than five crore INR. The Act encourages companies to spend at least 2% of their average net profit in the previous three years on CSR activities.

Most of the corporates are complying with the CSR policy and implementing various CSR activities/projects for social and environment development in their focused area. Formulation and Implementation of CSR based programme also requires specific attitude, strategy, skill and capabilities for outcome oriented implementation of such initiatives. IFFDC has the aptitude, attitude, skill, capability and experience in implementing such programmes and has started facilitating Corporates in achieving their CSR commitments in result oriented mode. Efforts are being made by IFFDC towards poverty alleviation and sustainable rural livelihood development through extending its services in partnership with Corporates under their CSR initiatives. IFFDC's rural livelihoods approach places people at the centre of development and focuses on building assets and skills so that women and men can access new opportunities for income generation and employment.

Vegetable Kits for Kitchen Gardening provided by Shri Prahlad Singh, Chairman, IFFDC to tribal SHG members under IFFCO-Tokio Integrated Rural Development Project- Gariaband (Chhattisgarh)

## सी.एस.आर. परियोजना

### इफको टोकियो–समन्वित ग्रामीण विकास परियोजना (आई.आई.आर.डी.पी.)

इफको–टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंम्पनी लिमिटेड (आई.टी.जी.आई.) द्वारा इनके "सी.एस.आर. पहल" के अन्तर्गत "इफको टोकियो–समन्वित ग्रामीण विकास परियोजना" 7 गाँवों अर्थात् छत्तीसगढ़ राज्य के गरियाबंद जिले के 4 गाँवों एवं बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिले के 3 गाँवों में क्रियान्वित की जा रही है जिसमें आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

यह परियोजना आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा इन गांवों में ग्रामीण सहभागी अध्ययन (पी.आर.ए.), आंकड़े एकत्रीकरण व विश्लेषण, समस्याओं की पहचान, मुद्दों का प्राथमिकीकरण, क्रान्तिक समस्या विश्लेषण (सी.पी.ए.) आदि जैसी (सहभागी प्रक्रियाओं) के माध्यम से तैयार की गयी।

परियोजना का क्रियान्वयन 8 घटकों (i) सामुदायिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, (ii) स्वच्छ पेयजल एवं जलस्त्रोत विकास, (iii) कृषि उत्पादन (iv) पशुधन विकास, (v) महिला सशक्तिकरण, (vi) कौशल विकास व रोजगार सृजन, (vii) शिक्षा एवं (viii) पर्यावरण सुधार के अन्तर्गत 62 गतिविधियों से अधिक के साथ किया जा रहा है।

वर्ष के दौरान परियोजना की प्रगति :

- परियोजना गांवों में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के लिए 16 सौर आधारित पेयजल इकाइयां स्थापित की गई हैं, बिजली और ऊर्जा की बचत के लिए 56 सौर स्ट्रीट लाइटें और 1,146 घरेलू सौर लाइटें स्थापित की गई।
- परियोजना गांवों में कौशल विकास के लिए 3 महीने की अवधि के सिलाई, लाख की चूड़ियां बनाना, दुपहिया वाहन की मरम्मत और बाल काटने, 2 महीने की अवधि के लिए ब्यूटीशियन, एक महीने की अवधि के लिए सौर संचालित उपकरणों और एलईडी बल्बों की मरम्मत पर 12 प्रशिक्षण आयोजित किए गए हैं। एसएचजी और युवाओं ने अपने सूक्ष्म उद्यम शुरू कर दिए हैं।
- परियोजना गांवों में अतिरिक्त आय सृजन स्रोत बनाने के लिए एसएचजी को 21 यूनिट मसाला ग्राइंडिंग मशीन, मिनी आटा मिल, मिनी राइस मिल, सेनेटरी नैपकिंग मेकिंग मशीन, हैंडलूम मशीन प्रदान की गई है।
- जल संसाधन विकास के अंतर्गत 06 तालाब एवं 03 रिंग वेल का निर्माण / पुनर्निर्माण किया गया है।

इफको–टोकियो समन्वित ग्रामीण विकास परियोजना, गरियाबंद (छत्तीसगढ़) अंतर्गत आदिवासी महिलाओं के लिए आय अर्जन हेतु अतिरिक्त स्त्रोत विकसित करने के लिए ब्यूटीशियन पर कौशल विकास प्रशिक्षण

## CSR PROJECT

### IFFCO-TOKIO Integrated Rural Development Project (IIRDP)

IFFDC is facilitating IFFCO-Tokio General Insurance Co. in implementation of its IFFCO-Tokio Integrated Rural Development Project in 07 villages i.e. 04 villages of Distt. Gariaband in Chhattisgarh and 03 Villages of Distt, Muzaffarpur in Bihar under its CSR initiative.

The project was developed with "Participatory Process" by adopting the steps like Participatory Rural Appraisal (PRA), Data Collection & Analysis, Problem identification, Prioritization of the issues, Critical Problem Analysis (CPA) etc in these villages by the IFFDC.

The Project is being implemented with more than 62 activities covered under eight components viz;

(I) Community Health and Sanitation, (ii) Safe Drinking Water and Water Resources Development (iii) Agriculture Production, (iv) Livestock Development, (v) Women Empowerment, (vi) Skill Development and Employment Generation, (vii) Education and (viii) Environment Up-gradation.

The Progress of the Project during the year :

- 16 Solar based drinking water units have been installed for ensuring safe drinking Water, 56 Solar Street Lights and 1,146 Solar home Lights established for saving electricity and energy in the Project Villages.
- For Skill Development in project villages, 12 trainings on Tailoring, Lac Bangles Making, Two Wheeler Repairing and Hair Cutting for 3 months period, Beautician for 2 months period, repairing of Solar operated equipments and LED Bulbs for one month period have been organised. The SHGs and Youth have started their micro-enterprises.
- 21 units of Masala Grinding Machine, Mini Flour Mill, Mini Rice Mill, Sanitary Napking Making Machine, Handloom Machine have been provided to SHGs to create additional income generation source in project villages.
- Under Water Resource Development, 06 Ponds and 03 Ring Wells have been constructed/ renovated.

Community Centre constructed for collective utilisation by Mushar Community under IFFCO-Tokio Integrated Rural Development Project, Purbi Mushar Tola, Distt. Muzaffarpur (Bihar)

- गरीब मुसहर परिवारों के लिए परियोजना ग्रामों में 30 स्नानागारों का निर्माण किया गया है। इनकी आवश्यकता व उपयोग के मद्देनजर महिलाओं ने इसका नाम "इज्जत घर" रखा।
- पर्यावरण उन्नयन के तहत, केला (जी–9) और पपीता (रेड लेडी) प्रजातियों के 13,000 पौधे लगाए गए हैं एवं ग्रामीण गरीबों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य के लिए मौसमी सब्जियों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए किचन गार्डन विकसित करने के लिए 2,600 परिवारों को मदद की गई है।
- परियोजना ग्रामों में एक सामुदायिक केन्द्र, 02 आंगनवाड़ी केन्द्र, एक प्राथमिक विद्यालय, एक पंचायत भवन एवं एक रंगमंच का निर्माण / पुनर्निर्माण किया गया।
- ईंधन की लकड़ी बचाने और महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक को कम करने के लिए परियोजना गांवों के गरीब परिवारों को 1,096 बेहतर स्मार्ट धुआं रहित चूल्हे प्रदान किए गए।
- दिन के समय घरों का अंधेरा दूर करने के लिए 320 गरीब परिवारों के घरों की छतों पर प्राकृतिक रोशनी के लिए 320 पारदर्शी फाइबर शीट लगाई गई हैं.
- पशुधन विकास के तहत 175 गरीब परिवारों को "सोनाली" नस्ल के 3000 चूजे और "ब्लैक बंगाल" नस्ल की 55 बकरियां प्रदान की गई हैं।
- चारा विकास को बढ़ावा देने के लिए 15 एकड़ क्षेत्र में खेती करने के लिए परियोजना गांवों के 300 किसानों को 300 किलोग्राम "बरसीम" बीज प्रदान किया गया है। यह पशु के दूध की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार करने में मदद करेगा।
- मुसहर समुदाय के लिए सामाजिक जागरूकता, बाल विवाह, नशाखोरी और जनसंख्या नियंत्रण, सामुदायिक स्वच्छता, बच्चों की शिक्षा आदि के लिए परियोजना गांवों में तीन दिवसीय मैजिक शो का आयोजन किया गया।
- अक्षर परिचय अभियान के तहत परियोजना ग्रामों में रात्रि पाठशाला में 240 बच्चों को प्रतिदिन दो घंटे पढ़ाई तथा एक घंटे खेलकूद सिखाया जा रहा है।
- 20 स्वास्थ्य और जागरूकता शिविर विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए और 09 पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए।

इफको–टोकियो एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना, मुजफ्फरपुर (बिहार) अंतर्गत निर्मित स्नानघर जिसका नामकरण महिलाओं ने "इज्जत घर" किया है

- 30 Bathrooms have been constructed in project villages for poor Mushar families. In view of the necessity and usefulness of these bathrooms, the Women named it "Izzat Ghar".
- Under Environment up-gradation, 13,000 saplings of Banana (G-9) and Papaya (Red lady) species have been planted and 2,600 families were supported for developing Kitchen Garden for increasing availability of season vegetables for better nutrition and health of the rural poor community.
- One Community Centre, 02 Anganwadi Centre, One Primary school, One Panchayat Bhawan and one Rangmanch constructed/renovated in project villages.
- 1,096 Improved Smart Smokeless Chulhas were provided to poor families of project villages for saving fuel wood and reducing the health hazardous of women.
- To abolish the darkness of the houses in day time, 320 transparent fibre sheets have been installed on roofs of 320 poor families houses for natural lighting.
- Under Live Stock Development, 3,000 chicks of " Sonali" breed and 55 Goats of "Black Bengal" have been provided to 175 poor families.
- For promotion of Fodder Development, 300 kilogram of "Berseem" seed has been provided to 300 farmers of project villages for cultivating in 15 acre area. It will help in improving the quality & production of the Cattle Milk.
- Three days period Magic show was organised in project villages for social awareness on abolishing, Child Marriage, Intoxication & Population Control, community hygiene, Children Education etc for Musahar Community.
- Under "Akshar Parichay Abhiyan" 240 Children are being learnt reading for two hours daily and sports for one hour daily at the Night School in project villages.
- 20 Health & Awareness Camps particularly for pregnant women and 09 Veterinary Camps were organized.

Awareness generation on issues like Cleanliness, Child Marriage, Drug De-addiction, Population Control etc. in Mushar Community through Magician Show under IFFCO-Tokio Integrated Rural Development Project-Muzaffarpur (Bihar)

प्रभाव

- परियोजना परिवारों व विद्यार्थियों में पढ़ाई का महत्व, साफ सफाई, स्वास्थ्य व स्वच्छता तथा स्वच्छ पेयजल के बारे में जागरूकता उत्पन्न हुई। परियोजना क्षेत्र के परिवारों ने खुले में शौच करना बंद कर दिया तथा शौचालयों का प्रयोग करना प्रारम्भ कर दिया। परियोजना क्षेत्र के समुदायों में बाल–विवाह, जनसंख्या नियंत्रण, नशामुक्ति आदि जैसी कुरीतियों पर जागृति उत्पन्न हो रही है। इससे परियोजना क्षेत्र की लड़कियों व महिलाओं में विशेषतौर पर आत्मसम्मान व सुरक्षित वातावरण की भावना विकसित हुई।
- 7 गाँवों के 1,150 परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है जिससे जलजनित बीमारियाँ कम हुई हैं।
- सोलर लाईट व सोलर स्ट्रीट लाईट के प्रयोग से बिजली के खर्चे व ऊर्जा की बचत हुई।
- महिलाओं विशेषतया समूह सदस्यों ने कौशल विकास व आय अर्जन की गतिविधियों के माध्यम से आय अर्जन के वैकल्पिक स्त्रोत विकसित किये। 92 महिला सदस्यों को प्रति माह 2000–10,000 रुपये तक की अतिरिक्त आय अर्जित होना प्रारंभ हो गई।

### हरियाणा अर्द्धशुष्क क्षेत्र में मिलिया कम्पोजिटा (बर्मा नीम) की विभिन्न किस्मों के अनुकूलन पर शोध अध्ययन – बालधन खुर्द, रेवाड़ी

मित्सुई एंड कं. लि. के मीट ट्रस्ट द्वारा अपने सी.एस.आर. पहल के अंतर्गत बालधन खुर्द, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) में "हरियाणा अर्द्धशुष्क क्षेत्र में मिलिया कम्पोजिटा (बर्मा नीम) की विभिन्न किस्मों के अनुकूलन पर शोध अध्ययन" हेतु एक परियोजना स्वीकृत की गयी है। यह परियोजना अप्रैल 2019 से मार्च 2022 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य विभिन्न पौध प्रजातियों की वृद्धि एवं विकास पर अध्ययन करना है।

- रोपित की गई आठ प्रजातियों में से अभी तक, प्रजाति क्षितिज की वृद्धि सर्वाधिक अवलोकित की गई। इसके पश्चात् क्रमशः प्रजाति रितु व शरद की वृद्धि पाई गई।
- रखरखाव की गतिविधियाँ जैसे निराई–गुड़ाई, सिचाई, थामला का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है।

### दिल्ली में बागवानी विभाग के तहत विभिन्न पार्कों में हरित पट्टी विकास एन.सी.टी.

मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड ने दिल्ली एन.सी.टी में 5 अलग–अलग पार्कों यानी पीतमपुरा में पुलु ब्लॉक पार्क और सेंट्रल पार्क, रामपुरा में टंकी वाला पार्क, रिंग रोड के पास नेफेड पट्टी पार्क और केशव पुरम में रेलवे लाइन के पास पार्क में हरित पट्टी विकास परियोजना प्रदान की है। परियोजना को तीन साल यानी अप्रैल 2021 से मार्च 2024 के लिए लागू किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य पर्यावरण सुधार के लिए वृक्षारोपण बढ़ाना है जो जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में योगदान देता है।

- 4550 पौधों के रखरखाव की गतिविधियाँ जैसे निराई–गुड़ाई, सिंचाई, थामला निर्माण आदि नियमित रूप से की जा रही हैं।

इफको–टोकियो समन्वित ग्रामीण विकास परियोजना–मुजफ्फरपुर (बिहार) अंतर्गत प्रदत्त सोलर होम लाईट की रोशनी में रात्रि के समय अध्ययनरत मुसहर समुदाय के बच्चे

### Impact

- The project families and school children are getting aware about the importance of study, cleanness, health & sanitation and safe drinking water. The families of the project area stopped open defecation and started use of toilets. The project communities are getting aware about the social evils like Child Marriage, Population Control, De-addiction etc. It developed self-steemed and safe environment for the girls & women in particular.
- 1,150 Families in 7 villages are getting safe drinking water which helped in reducing water borne diseases.
- Use of Solar Lights and Solar Street Lights resulted into saving of electricity expenses and energy.
- The women particularly the SHG members have developed alternative income generation sources through skill development & other income generation activities. 92 women members are earning additional income ranging Rs. 2,000 to 10,000 per month through micro enterprises development.

### Research Study on adaptability of different varieties of Melia Composita (Burma Neem) in Semi-Arid Region of Haryana - Baldhan Khurd of Rewari

The MEET Trust of MITSUI & Co. has awarded a Research & Development Project on "Research Study on Adaptability of different varieties of Melia Composita (Burma Neem) in Semi-Arid Region of Haryana" at Baldhan Khurd, Dist. Rewari (Haryana) under its CSR Initiative. The project is being implemented for three years i.e. April 2019 to March 2022. The objective of the project is to study of the growth and development of different plant species.

- So far, the growth of variety Kshitij was observed highest amongst all the planted varieties in the trial. It followed by variety Ritu and Sharad respectively.
- The maintenance activities like hoeing & weeding, irrigation, Basin making are being carried out regularly.

### Green Belt Development in Different Parks under Horticulture Department in Delhi N.C.T.

The Mitsui & Co. Ltd. has awarded a Green Development Project in 5 different Parks i.e. Pulu Block Park & Central Park in Pitampura, Tanki wala Park in Rampura, Nafed Patti Park near Ring Road and Park near Railway Line in Keshav Puram in Delhi N.C.T. The project is being implemented for three years i.e April 2021 to March 2024. The objective of the project for increasing tree cover for environment improvement which contributes toward combating the climate change.

- Maintenance activities like hoeing & weeding, irrigation, Basin making etc. of 4,550 saplings are being carried out regularly.

Awareness Generation against various prevailing Social Evils in Mushar Community by Brahmakumaris under IFFCO-Tokio Integrated Rural Development Project, Muzaffarpur (Bihar)

# मेहनत से बदली तकदीर

सफलता मेहनत से मिलती है, इसके लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता है। शॉर्टकट के बल पर हासिल की गई सफलता कुछ समय के लिए ही टिकती है। यह सच है कि इसका रास्ता मुश्किलों भरा, लंबा और कुछ हद तक तन्हा होता है। मगर सफलता का एहसास इस रास्ते की सारी तकलीफें भुलाने के लिए काफी होता है।

यह कहानी, ग्राम सुरखी, विकासखंड व जिला सागर (मध्य प्रदेश) निवासी 45 वर्षीय महिला श्रीमती अंजना जायसवाल की है, जो अपने पति श्री योगेश जायसवाल के अलावा अपने 2 बच्चों (एक पुत्र व एक पुत्री) के साथ रहती हैं। श्रीमती अंजना परिवार की आजीविका हेतु पापड़ बनाने व टिफिन सेंटर का कार्य करके अपना जीवन यापन कर रही हैं।

अपनी कहानी बताते हुए श्रीमती अंजना की आंखों से आंसू छलक आते हैं। अंजना एक संपन्न परिवार की बेटी हैं। अंजना के घर वालों ने एक छोटे परिवार में उसकी शादी कर दी। शादी के बाद ससुराल आने पर अंजना को पता चला कि उसके ससुराल की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है, पति बेरोजगार है। तब अंजना ने पति को भोपाल जाकर कुछ कार्य करने की सलाह दी। परस्पर सहमति के बाद अंजना अपने पति एवं देवर के साथ भोपाल चली गई। वहाँ जाकर उसके पति एवं देवर ने एक पान की दुकान खोल ली। शुरुआत में सब कुछ ठीक–ठाक चल रहा था लेकिन समय बीतने के साथ–साथ अंजना के पति एवं देवर के बीच दुकान की कमाई के बंटवारे को लेकर झगड़ा होने लगा। धीरे–धीरे ये झगड़ा बहुत ज्यादा बढ़ गया तो अंजना ने अपने पति को वापस अपने घर सुरखी लौट जाने की सलाह दी। चूँकि अंजना का घर रोड पर था इसलिए उसने कुछ कर्ज लेकर एक आटा चक्की की दुकान खोल ली। इससे खर्चों को काटकर प्रतिदिन 50–60 रुपये की बचत होने लगी लेकिन ये राशि कर्ज चुकाने में ही चली जाती थी। इसी बीच आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से क्लाईमेट प्रूफिंग परियोजना का क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया। कृषकों के खेतों में मृदा जल–संरक्षण, स्वयं सहायता समूह का गठन कर आजीविका गतिविधियों से जोड़ना, फसल प्रदर्शन व तकनीकी ज्ञान, रोजगार सृजन व स्थायी कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देना, क्षमता विकास कर आय में वृद्धि इत्यादि इस परियोजना के मुख्य उद्देश्य थे। इस परियोजना के तहत् स्वयं सहायता समूह गठन का कार्य चल रहा था। अंजना को भी जब इसकी जानकारी मिली तो वह तुरंत ही शारदा समूह से जुड़ गई। अंजना खाना बहुत अच्छा बना लेती थी इसलिए उसने पति से कहा कि उसे कहीं खाना बनाने का कार्य दिलवा दो जिससे परिवार की कुछ आर्थिक मदद हो सके। लेकिन इसके लिए पति ने हामी नहीं भरी, तब अंजना ने घर पर ही खाना बनाकर टिफिन आपूर्ति का कार्य शुरू करने की सोची। इसके लिए अंजना के पति भी तैयार हो गये एवं समूह से आर्थिक मदद भी मिल गई। अंजना ने शुरुआत में 3 टिफिन से अपना कार्य शुरू किया। धीरे–धीरे यह संख्या बढ़ने लगी। लगातार मेहनत करने के बाद अंजना ने थोड़ी सी राशि जमा की।

इसके साथ ही उसके टिफिन अब 10–15 जगहों पर जाने लगे। टिफिन आपूर्ति से मिलने वाली राशि को वह बचत समूह में जमा करने लगी। अचानक उसकी बच्ची बीमार पड़ गई उसके पेट में दर्द होने लगा सभी स्थानीय अस्पतालों में दिखाया पर आराम नहीं लगा। फिर उसने सागर अस्पताल में दिखाया तो पता चला कि बच्ची को अपेन्डेक्स है। वो दिन प्रतिदिन दुबली होती जा रही थी। पैसा नहीं होने की वजह से अच्छे से इलाज भी नहीं हो पा रहा था। एक दिन बहुत ज्यादा दर्द हुआ तो फौरन सागर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन करना पड़ेगा और इसके लिए 25 हजार रुपया जमा करने पड़ेंगे। इतना पैसा उसके पास नहीं था। अंजना धन्यवाद करती हैं आई.एफ.एफ.डी.सी. का जिसके द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह से उसे बिना किसी गवाही के 25 हजार रुपये दिये। उस राशि से उसकी बच्ची का सफलतापूर्वक ऑपरेशन हुआ। इसके पश्चात् उसने बहुत मेहनत की। उसके घर के सामने से फोर लाईन बनने से उसके प्रतिदिन 60–70 टिफिन जाने लगे। इस राशि से उसने किस्तों में समूह की राशि वापस कर दी और अपनी बचत बढ़ायी। जब बचत ज्यादा होने लगी तो दूसरा रोजगार करने की सोची। आटा चक्की से उसे ज्यादा फायदा नहीं हो रहा था तो उसको बेच दिया और उसकी राशि से और समूह की बैंक क्रेडिट की राशि से पहले दोना पत्तल की मशीन खरीदी जो कि 40 हजार रुपये में आयी। उससे प्रतिदिन 300/– रुपया तक कमाई कर लेती थी पर दोना पत्तल की ज्यादा मार्केटिंग की सुविधा नहीं होने से उसे नुकसान होने लगा तो उसे भी बेच दिया। और अंत में समूह की बैंक क्रेडिट की राशि 01 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण लिया जो कि समूह द्वारा दिया गया। क्रेडिट फंड की राशि और कुछ लागत घर से लगायी इस प्रकार लगभग 2.50 लाख रुपये की पापड़ की मशीन खरीदी और नये उद्यम की शुरुआत की। पापड़ की मशीन का चुनाव करने में आई.एफ.एफ.डी.सी. ने मदद की और पापड़ मशीन का कार्य अच्छा चल गया। अब अंजना प्रति माह सारे खर्चों को काटने के पश्चात् 5000–6000 रुपये तक की बचत कर लेती हैं। अब तो पति को भी अच्छा काम मिल गया है। और उसने समूह की 03–04 महिलाओं को अपने साथ रोजगार भी दे दिया है। उन्हें वह प्रतिदिन 200/– रुपये मजदूरी देती है। इसके अलावा वह टिफिन सेंटर भी चला रही है। रोज के लगभग 25–30 टिफिन घर से ही जाते हैं। वह टिफिनों के सारे खर्चों को काटकर लगभग 8000/– रुपया प्रतिमाह की बचत कर लेती है। अब उसकी जीविका अच्छे से चल रही है। वह आई.एफ.एफ.डी.सी. एवं नाबार्ड की भूरि–भूरि प्रशंसा करती है, वह कहती है "इस परियोजना ने मेरे जीवन को बदल दिया है"। सही कहा गया है:– भाग्य से उतना ही मिलेगा, जितना ऊपर वाला देगा लेकिन मेहनत से उतना मिलेगा, जितना आप चाहते है।

# Collective Business Efforts of Farmers

With an aim to ensure better income for farmers by organising them in cooperatives, IFFDC mobilised 1500 farmers in Block Dhari, District Amreli (Gujarat) and registered "Shree Dhari Khedut Krushi Utpadak & Processing Sahakari Mandali Ltd." under Gujarat State Cooperative Act-1961 in the month of September, 2021. Need based skill and capacity building inputs were imparted to the members through trainings and exposure visits. The Small & Marginal producer farmers are not having the volume individually (both inputs and produce) to get the benefit of economies of scale, therefore, the cooperative was encouraged to undertake collective business action for their economic benefits. The Dhari Cooperative under facilitation of IFFDC started commodity trading business of Gram, Wheat, Groundnut, Extraction of Groundnut Oil and other produces and in two crop season their turnover reached to Rs 55 crores and earned about Rs 53 lakh. The member farmers benefited by getting 15% divident. These efforts created a great example towards success of the Government of India's Central Sector Scheme for Promotion of 10,000 Farmer Producers Organisations (FPOs).

IFFDC has promoted 50 FPOs with 15,917 shareholder farmers in the States of Haryana, Uttarakhand, UP, Bihar, MP, Gujarat and Maharashtra under Central Sector Scheme of Govt. of India, for promotion of 10,000 FPOs with the support of NABARD and NCDC. These FPOs are being facilitated by IFFDC to undertake Agri-business for economic benefits to the member farmers. Under this Scheme, National Cooperative Development Corporation (NCDC) the Implementing Agency (IA) has entrusted the work to IFFDC for promotion of 6 FPOs in District Amreli in Gujarat state covering six Blocks i.e. Amreli, Dhari, Babra, Lilia, Rajula and Savarkundla one FPO in each Block. By mobilizing 3,171 farmers through village meetings and organizing awareness programmes, IFFDC formed and registered these six FPOs with support of State Cooperative Department and NCDC.

